# डेली करंट अफेयर्स (06-04-2024)

## बर्ड फ्लू संक्रमण :

### चर्चा में क्यों :-

- अमेरिका के टेक्सास में मानव के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है |

### चेतावनी के बिंदू ;-




- उन्होंने कहा है कि बर्ड फ्लू महामारी मंडरा रही है|
- यह कोविड से सौ गुना बदतर स्थिति पैदा कर सकती है|

### जानकारी संबंधी बिंदु :-

- न्यूयार्क पोस्ट ने हाल ही में यह जानकारी दी है|
- न्यूयार्क पोस्ट से एक विशेषज्ञ जान फुल्टन ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2003 के बाद से एच5एन1 के संपर्क में आने वाले 52 प्रतिशत लोगों की मौत हो चुकी है|
- अगर इसकी कोविड से तुलना करें, तो वर्तमान में इसकी दर 0.1 प्रतिशत से भी कम है|
- वहीं, महामारी की शुरुआत में यह दर 20 प्रतिशत के करीब थी|

### अन्य बिंदु ;-

- वर्ष 2020 में नए स्ट्रेन का पता चलने के बाद से एच5एन1 एविएन फ्लू काफी तेजी से फैला है|
- इसने हर राज्य में पक्षियों को संक्रमित किया है|इससे पाल्ट्री फार्म भी अछूता नहीं है|
- हाल ही में स्तनधारियों में मामले पाए गए हैं|चार राज्यों में मवेशियों के झुंड संक्रमित हुए हैं |

### बर्ड फ्लू :-

- यह एक वायरस से फैलने वाली बीमारी है|
- यह वायरस आर्थोमिक्सोविरिडी परिवार का सदस्य है, इस वायरस की न्यूक्लिओं प्रोटीन और मैट्रिक्स में एन्टीजेनिक असमानताओं के कारण इन्हें ए, बी, और सी टाइप में बाँटा गया है|
- टाइप-ए मुख्यता पक्षियों में इन्फ्लुएन्जा रोग उत्पन्न करता है इस वायरस की बाहरी दीवार पर दो प्रकार के ग्लाइक्रो प्रोटीन (हीमएग्लेटिनिन HA तथा न्यूरामिनिडेज NA) होते है इन दोनो प्रोटीन में पाये जाने वाली भिन्नताओं के आधार पर इनको सब-टाइप्स में बाँटा गया है|अभी तक H के 16 तथा A के 9 सब-टाइप्स की पहचान की जा चुकी है|इस प्रकार पक्षियों में इन्फ्लुएन्जा रोग 16x9=144 प्रकार के सब-टाइप्स के द्वारा हो सकता है|

- इन 144 तरह के सब-टाइप्स को रोग उत्पन्न करने की क्षमता के हिसाब से LPAI (90% से कम) लो-पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएन्जा तथा (HPAI 10% से कम) हाइलीपथोजेनिक एवियन इन्फ्लुएन्जा के नाम से जाना जाता है |
- LPAI बहुत कम मृत्यु उत्पन्न करता है सामान्यता यह वायरस प्रवासी पक्षियों (Migratory Birds) खासकर पानी में रहने वाली बत्तखों के शरीर में बिना कोई लक्षण उत्पन्न किये रहता है और इन पक्षियों के द्वारा दुनिया की विभिन्न जगहों पर ले जाया जाता है|




- HPAI (बर्ड फ्लू) जो पक्षियों की एक बहुत खतरनाक बीमारी है और 48 घण्टों के भीतर 100 प्रतिशत तक पक्षियों की मृत्यु का कारण बन सकती है| यह इन्फ्लुएन्जा A के सब-टाइप H5 और H7 के द्वारा होती है| यह रोग विश्व रोग नियंत्रण संस्था (OIE) के द्वारा नोटीफायबिल रोग की श्रेणी में आता है| यह पक्षियों में बहुत अधिक मृत्यु के साथ सांस, पेट और तंत्रिका तंत्र के लक्षण उत्पन्न कर सकता है|
- एवियन इन्फ्लुएन्जा टाइप-ए मुख्य रूप से पक्षियों, स्तनधारियों (मनुष्य, सुअर, घोड़े, बन्दर इत्यादि) टाइप-B केवल मनुष्य और टाइप-C मनुष्य और सुअर में रोग उत्पन्न करते हैं |

## भारत में बर्ड फ्लू की दस्तक :-

- भारत में 2006 और 2015 के बीच 15 राज्यों में पक्षियों में फ्लू का प्रकोप देखा गया था |
- देश में अब तक कोई भी इंसान इससे संक्रमित नहीं हुआ है | भारत ने सितंबर 2019 में खुद को वायरस मुक्त घोषित कर दिया था|
- हालांकि कुछ समय पहले भारत के कुछ राज्यों में बर्ड फ्लू के नए वेरिएंट के मामले सामने आए थे|



# मानव विकास सूचकांक :


## चर्चा में क्यों?

- हाल में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास संबंधी रिपोर्ट में 193 देशों की सूची में भारत को 134वां स्थान मिला है|




## भारत के संदर्भ में प्रमुख बिंदु ;-

- देश पिछले वर्ष की तुलना में एक स्थान आगे जरूर बढ़ा है, लेकिन मामूली सुधार पर्याप्त प्रगति का संकेत देने में विफल है|
- यहां तक कि भारत, भूटान (125वें) और बांग्लादेश (129वें) से भी नीचे है| हालांकि सूचकांक के कुछ कारकों में भारत में सुधार हुआ है|
- भारत में जीवन प्रत्याशा में 67.2 से 67.7 और स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्षों में 12 से 12.6 की वृद्धि होने का अनुमान है| प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय भी 6,542 से बढ़कर 6,951 डालर हो गई है|
- ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत ने जो प्रगति की है वह पर्याप्त नहीं है, अभी भी सभी नागरिकों के लिए जीवन की न्यूनतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने की चुनौती बरकरार है | 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब पर्याप्त मानव विकास होगा|
- मानव विकास रिपोर्ट में भारत की निम्न स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है|




## अन्य प्रमुख तथ्य :-

- यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा जारी की गई है|
- सूचकांक में स्विटजरलैंड, नॉर्वे और आईसलैंड क्रमशः शीर्ष स्थान पर हैं|
- नेपाल और भूटान क्रमशः 146वें और 125वें स्थान पर हैं, जो उन्हें भारत के साथ 'मध्यम मानव विकास' श्रेणी में रखता है|
- पाकिस्तान (164) और अफगानिस्तान (182) को 'निम्न मानव विकास' श्रेणी में रखा गया है|
- दूसरी ओर, चीन 75वें स्थान पर और श्रीलंका 78वें स्थान पर है, जो 'उच्च मानव विकास' श्रेणी को प्रदर्शित करता है|
- रिपोर्ट में लैंगिक असमानता सूचकांक (GII), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है|
- लैंगिक असमानता सूचकांक-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें स्थान पर था|

## मानव विकास सूचकांक के चार संकेतक :-

- जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (सतत् विकास लक्ष्य 3),
- स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.3),
- स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.4),
- सकल राष्ट्रीय आय-GNI) (सतत् विकास लक्ष्य 8.5)

# विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की रिपोर्ट-2022 :

## चर्चा में क्यों ?

- विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा जारी 2022 परीक्षण आंकड़ों की रिपोर्ट में 2000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करने वाले देशों के बीच भारत में असफल डोप परीक्षणों का प्रतिशत सबसे अधिक दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।




## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु: -

- भारत ने रिकॉर्ड अवधि के दौरान 3865 नमूनों का परीक्षण किया, जिनमें से 125 में प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष आए।
- वाडा ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह नमूनों का 3.2 प्रतिशत है।
- परीक्षण किए गए नमूनों की संख्या के मामले में, भारत सूची में 11वें स्थान पर था, लेकिन डोपिंग उल्लंघन की संख्या रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसे प्रमुख खेल देशों की तुलना में अधिक थी।
- दक्षिण अफ्रीका में प्रतिकूल निष्कर्षों का अगला उच्चतम प्रतिशत आया - 2033 परीक्षण किए गए नमूनों में से 2.9 प्रतिशत।
- तीसरा स्थान कजाकिस्तान ने लिया, जिसके 2174 नमूनों के परीक्षण पूल में से 1.9 प्रतिशत में प्रतिकूल नतीजे आए।
- चौथा उच्चतम प्रतिशत नॉर्वे और संयुक्त राज्य अमेरिका से आया। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने 6782 नमूनों का परीक्षण किया, नॉर्वे की गिनती 2075 थी।
- चीन ने इस अवधि के दौरान 0.2 प्रतिशत के प्रतिकूल निष्कर्ष प्रतिशत के साथ सबसे अधिक संख्या में नमूनों - 19,228 - का परीक्षण किया।
- जर्मनी ने 13,653 नमूनों का परीक्षण किया जिनमें से 0.3 प्रतिशत प्रतिबंधित पदार्थों के लिए सकारात्मक पाए गए।
- रूस, जिसे बार-बार डोपिंग उल्लंघन के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा निलंबित कर दिया गया है, ने प्रतिकूल विश्लेषणात्मक खोज प्रतिशत 0.8 प्रतिशत के साथ 10,186 नमूनों का परीक्षण किया।

## विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) ;-

- स्थापना -1999
- मुख्यालयः मॉन्ट्रियल, कनाडा
- अध्यक्षः विटोल्ड बैंकाक
- इसका मुख्य उद्देश्य खेल में एथलीटों द्वारा प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं (डोप) के अनधिकृत उपयोग के खिलाफ लड़ना है।

# विश्व बैंक आर्थिक सलाहकार पैनल :

## चर्चा में क्यों?

- विश्व बैंक समूह ने भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व डिप्टी गवर्नर राकेश मोहन को अपने आर्थिक सलाहकार पैनल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है।
- राकेश मोहन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं।




## पैनल;-

- पैनल की अध्यक्षता लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर लॉर्ड निकोलस स्टर्न करेंगे। विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री और विकास अर्थशास्त्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरमीत गिल सह-अध्यक्ष होंगे।

## विश्व बैंक;-

- इसकी स्थापना 1944 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय वाशिंगटन, डीसी में है।
- सदस्य: 189
- संस्थापक - जॉन मेनार्ड कीन्स, , हैरी डेक्सटर व्हाइट
- अध्यक्ष - अजय बंगा

# 'एयर डिफेंस सुरक्षा प्रणाली' :

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही मे आकाशतीर कमांड और कंट्रोल सिस्टम को भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (भेल) के द्वारा विकसित किया गया है|
- सेना ने वर्ष 2024 को 'तकनीकी समावेशन का वर्ष' घोषित किया है|

**संबंधित बिंदु:-**

- इस एयर डिफेंस सिस्टम में सेंसर और रडार नेटवर्क लगे हुए हैं, जो दुश्मन के विमान, जेट, हेलिकॉप्टर, ड्रोन व मिसाइलों को लेकर तुरंत अलर्ट जारी करते हैं|
- इससे मिलने वाले अलर्ट के आधार पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और रॉकेट्स को छोड़ा जा सकता है|
- इसके अलर्ट थलसेना और वायुसेना दोनों को मिलते हैं|



# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. भारतीय सेना में किस 'एयर डिफेंस सुरक्षा प्रणाली' को शामिल किया गया है?

(A) आकाश रक्षक कमांड और कंट्रोल सिस्टम (B) जोरावर कमांड और कंट्रोल सिस्टम

(C) आकाशतीर कमांड और कंट्रोल सिस्टम (D) युद्धवीर कमांड और कंट्रोल सिस्टम

Ans;-आकाशतीर कमांड और कंट्रोल सिस्टम

2. भारत सरकार देश में यूरिया के आयात को कब तक समाप्त करने की योजना बना रही है?

(A) 2024 (B) 2025

(C) 2026 (D) 2027

Ans-2025

3. विश्व बैंक आर्थिक सलाहकार पैनल में किसे नियुक्त किया गया है?

(A) शेफाली शरण (B) संतोष कुमार झा

(C) राकेश मोहन (D) संजय नायर

Ans;-राकेश मोहन

4. विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में सबसे अधिक डोपिंग के मामलों की संख्या किस देश में पाई गई है?

(A) भारत (B) चीन

(C) अमेरिका (D) रूस

Ans;-भारत

5. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटी: द क्लास ऑफ 2024 में कितने भारतीयों को शामिल किया गया है?

(A) 3 भारतीयों को (B) 4 भारतीयों को

(C) 5 भारतीयों को (D) 6 भारतीयों को

Ans;-5 भारतीयों को

6. CIDC विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 किसे प्रदान किया गया है?

(A) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (B) भारतीय जीवन बीमा निगम

(C) इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन (D) एसजेवीएन लिमिटेड

Ans;-एसजेवीएन लिमिटेड